DAMAGE BOOK

UNIVERSAL
LIBRARY

OU_184279

UNIVERSAL
LIBRARY

OUP 21--4-1-69 --5 0 0

OSMANIA UNIVERSITY LIBRARY

Call No S294.4 B57M Accession No. 51556

Author भूतबलि ·

Title महाबंध · Vol 3 1947

This book should be returned on or before the date last marked below

ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन-ग्रन्थमाला [प्राकृत ग्रन्थाङ्क ५]

सिरि भगवंत भूदबलि भडारय पणीदो

म हा बं धो

[महाधवल सिद्धान्तशास्त्र]

२ बिदियो ट्ठिदिबंधाहियारो

[द्वितीय स्थितिबन्धाधिकार]

पुस्तक ३

हिन्दी भाषानुवाद सहित



सम्पादक

पण्डित फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

भारतीय ज्ञानपीठ, काशी

प्रथम आवृत्ति
१००० प्रति

ज्येष्ठ वीर नि० सं० २४८०
वि० सं० २०११
जून १९५४

मूल्य

स्व० पुण्यश्लोका माता मूर्तिदेवीकी पवित्र स्मृतिमें तत्सुपुत्र साहू शान्तिप्रसादजी द्वारा

संस्थापित

भारतीय ज्ञानपीठ मूर्तिदेवी जैन-ग्रन्थमाला

प्राकृत ग्रंथांक ५

इस ग्रन्थमालामें प्राकृत, संस्कृत, अपभ्रंश, हिन्दी, कन्नड, तामिल आदि प्राचीन भाषाओंमें उपलब्ध आगमिक, दार्शनिक, पौराणिक, साहित्यिक और ऐतिहासिक आदि विविध-विषयक जैन साहित्यका अनुसन्धानपूर्ण सम्पादन और उसका मूल और यथासंभव अनुवाद आदिके साथ प्रकाशन होगा। जैन भण्डारोंकी सूचियाँ, शिलालेख-संग्रह, विशिष्ट विद्वानोंके अध्ययन-ग्रन्थ और लोकहितकारी जैन-साहित्य ग्रन्थ भी इसी ग्रन्थमाला में प्रकाशित होंगे।

ग्रन्थमाला सम्पादक

डॉ० हीरालाल जैन,
एम० ए०, डी० लिट्

डॉ० आदिनाथ नेमिनाथ उपाध्याय,
एम० ए०, डी० लिट्

प्रकाशक

अयोध्याप्रसाद गोयलीय,
मन्त्री, भारतीय ज्ञानपीठ
दुर्गाकुण्ड रोड, बनारस

स्थापनाब्द
फाल्गुन कृष्ण ९
वीर नि० २४७०

सर्वाधिकार सुरक्षित

विक्रम सं० २०००
१८ फरवरी सन् १९४४



स्वर्गीय मूर्तिदेवी, मातेश्वरी साहू शान्तिप्रसाद जैन

JNANAPITHA MURTIDEVI JAINA GRANTHAMALA

PRAKRIT GRANTHA No. 5

MAHABANDHO

[MAHADHAVAL SIDDHANTA SHASTRA]

2. Bidio Tthidi bandhahiyaro

Vol. III

STHITI BANDHADHIKARA

WITH

HINDI TRANSLATION

Editor

Pandit, PHOOL CHANDRA, *Siddhant Shastry.*

Published by

Bharatiya Jnanapitha, Kashi

First Edition
1000 Copies.

JYESHTHA VIR SAMVAT 2480
VIKRAMA SAMVAT 2011
JUNE 1954

Bharatiya Jnana-Pitha Kashi

FOUNDED BY

SAHU SHANTI PRASAD JAIN

IN MEMORY OF HIS LATE BENEVOLENT MOTHER

SHRI MURTI DEVI

BHARATIYA JNANA-PITHA MURTI DEVI JAIN GRANTHAMALA

PRAKRIT GRANTHA NO. 5

IN THIS GRANTHAMALA CRITICALLY EDITED JAIN AGAMIC PHILOSOPHICAL, PAURANIC, LITERARY, HISTORICAL AND OTHER ORIGINAL TEXTS AVAILABLE IN PRAKRIT, SANSKRIT, APABHRANSA, HINDI, KANNADA AND TAMIL ETC., WILL BE PUBLISHED IN THEIR RESPECTIVE LANGUAGES WITH THEIR TRANSLATIONS IN MODERN LANGUAGES

AND

CATALOGUES OF JAIN BHANDARAS, INSCRIPTIONS, STUDIES OF COMPETENT SCHOLARS & POPULAR JAIN LITERATURE WILL ALSO BE PUBLISHED

General Editors
Dr. Hiralal Jain, M. A. D. Litt.
Dr. A. N. Upadhye, M. A. D. Litt.

Publisher
AYODHYA PRASAD GOYALIYA
Secy., BHARATIYA JNANAPITHA,
DURGAKUND ROAD, BANARAS

Founded in
Phalguna Krishna 9.
Vira Sam. 2470

All Rights Reserved.

Vikrama Samvat 2000
18th Febr. 1944

सम्पादकीय

आजसे लगभग सवा वर्ष पूर्व स्थितिबन्धका पूर्व भाग सम्पादित होकर प्रकाशमें आया था। यह उसका शेष भाग है। भारतीय ज्ञानपीठकी ओरसे सब तरहकी सुविधाएँ प्राप्त होने पर भी इसके सम्पादनमें अपने वैयक्तिक कारणोंसे हमें पर्याप्त समय लगा है इसके लिए हम क्षमाप्रार्थी हैं।

सहयोग

श्रीयुत बन्धु रतनचन्द्रजी मुख्तार व बन्धुवर नेमिचन्द्रजी वकील सहारनपुर षट्खण्डागम और कषाय-प्राभृतके विशेष अभ्यासी हैं। श्री रतनचन्द्रजीने तो एक तरहसे गार्हस्थिक झंझटोंसे अपनेको मुक्त ही कर लिया है और आजीविकाको तिलाञ्जलि दे दी है। थोड़े बहुत साधन जो उनके पास बच रहे हैं उन्हींसे वे अपनी आजीविका चलाते हैं। जीवनमें सादगी और निष्कपट सरल व्यवहार उनके जीवनकी सबसे बड़ी विशेषता है। इस वर्ष दस लक्षण पर्वके दिनोंमें हम सहारनपुर आमन्त्रित किये गये थे, इसलिए निकटसे हमें उनके जीवनका अध्ययन करनेका अवसर मिला है। इस आधारसे हम कह सकते हैं कि वे घरमें रहते हुए भी साधु जीवन बिता रहे हैं। योगायोगकी बात है कि इन्हें पत्नी भी ऐसी मिली हुई हैं जो इनके धार्मिक कार्योंमें पूरी साधक हैं। यों तो दोनों बन्धु मिलकर इन महान् ग्रन्थोंका स्वाध्याय करते हैं परन्तु श्री रतनचन्द्रजीका अभ्यास तगड़ा है और इन ग्रन्थोंके सम्पादनमें उनके परामर्शकी आवश्यकता अनुभवमें आती है। वे यह इच्छा तो रखते हैं कि इन ग्रन्थोंके प्रकाशनके पहले हमें उनके स्वाध्यायका अवसर मिल जाय तो उत्तम हो और ऐसा करनेमें लाभ भी है पर कई कारणोंसे इस व्यवस्थाके जमानेमें कठिनाई जाती है। स्थितिबन्धका अन्तिम कुछ भाग अवश्य ही उन्होंने देखा है और उनके सुझावोंसे लाभ भी उठाया गया है। आशा है भविष्यमें इस सुविधाके प्राप्त करनेमें सुधार होगा और उनका आवश्यक सहयोग मिलता रहेगा।

शुद्धि-पत्रक

श्री रतनचन्द्रजीने प्रकृतिबन्ध और स्थितिबन्धके पूर्वभागका शुद्धि-पत्रक तैयार करके हमारे पास भेजा है। उसमें आवश्यक संशोधन करके मुद्रित कर देनेमें लाभ भी है। किन्तु इधर हमारे मित्र श्रीयुत लाला राजकृष्णजी देहलीके निरन्तर प्रयत्न करनेके फलस्वरूप मूडबिद्रीसे कनडी मूल ताडपत्रीय प्रतियोंके फोटो देहली वीरसेवा मन्दिरमें आ गये हैं। श्री लाला राजकृष्णजीने दौड़ धूप करके यह काम तो बनाया ही है और इसमें उन्हें श्रीयुत बाबू छोटेलालजी कलकत्ता वालोंका भी पूरा सहयोग मिला है। किन्तु सबसे अधिक उल्लेखनीय बात यह है कि लाला राजकृष्णजी की पत्नीका इन ग्रन्थोंके उद्धार कार्यमें विशेष हाथ रहा है। वे स्वयं इन महानुभावोंके साथ मूडबिद्री गईं और हर तरहकी कमीकी पूर्तिमें साधक बनीं तभी यह काम हो सका है। अतएव इस भागके साथ हमने पूर्व भागोंका शुद्धिपत्रक नहीं जोड़ा है, क्योंकि इन ग्रन्थोंके उत्तर भारतमें सुलभ हो जानेसे हमारा विचार है कि एक बार प्रकाशित और अप्रकाशित भागका शान्तिसे इन मूल ग्रन्थोंके साथ मिलान कर लिया जाय और तब जाकर प्रकाशित भागोंमें जो कमी रह गई हो उसे प्रकाशमें लाया जाय। हमें विश्वास है कि हमारे साथी हमारे इन विचारोंका समर्थन करेंगे।

आवश्यक निवेदन

हमें भारतीय ज्ञानपीठके सुयोग्य मन्त्री श्रीयुत अयोध्याप्रसादजी गोयलीयने जितनी तत्परतासे यह कार्य करनेके लिए सौंपा था उतनी तत्परता हम इस काममें दिखा नहीं सके। आशा है वे हमारी इस कमजोरीकी ओर विशेष ध्यान नहीं देंगे और जिस तरह अभी तक सहयोग देते आये हैं देते रहेंगे।

अन्तमें हमें समाजसे इतना ही निवेदन करना है कि दिगम्बर परम्परामें इन महान् ग्रन्थोंका बड़ा महत्त्व है। द्वादशांग वाणीसे इनका सीधा सम्बन्ध है। एक समय था जब हमारे पूर्वज ऐसे महान् ग्रन्थोंकी लिपि कराकर उनकी रक्षा करते थे किन्तु वर्तमान कालमें हम उन्हें स्वल्प निछावर देकर भी अपने यहाँ स्थापित करनेमें सकुचाते हैं। यह शङ्का की जाती है कि हम उन्हें सभझते नहीं बुलाकर क्या करेंगे। किन्तु उनकी ऐसी शङ्का करना निर्मूल है। ऐसा कौन नगर या गाँव है जहाँके जैन गृहस्थ तात्कालिक उत्सवमें कुछ न कुछ खर्च न करते हों। जहाँ उनकी यह प्रवृत्ति है वहाँ जैनधर्मके मूल साहित्यकी रक्षा करना भी उनका परम कर्तव्य है। कहते हैं कि एक बार धार रियासतके दीवानको वहाँके जैन बन्धुओंने जैन मन्दिरके दर्शन करनेके लिए बुलाया था। जिस दिन वे आनेवाले थे उस दिन मन्दिरजीमें विविध उपकरणोंसे खूब सजावट की गई थी। जिन उपकरणोंकी धारमें कमी थी वे इन्दौरसे बुलाये गये थे। दीवान सा० आये और उन्होंने श्री मन्दिरजी को देखकर यह अभिप्राय व्यक्त किया कि जैनियोंके पास पैसा बहुत है। अन्तमें उन्हें वहाँका शास्त्र भण्डार भी दिखलाया गया। शास्त्र भण्डारको देखकर दीवान सा० ने पूछा कि ये सब ग्रन्थ किस धर्मके है। जैनियोंकी ओरसे यह उत्तर मिलने पर कि ये सब जैनधर्मके ग्रन्थ हैं दीवान सा० ने कहा कि यह जैनधर्म है।

इससे स्पष्ट है कि साहित्य ही धर्मकी अमूल्य निधि है। महान्से महान् कीमत देकर भी यदि इसकी रक्षा करनी पड़े तो करनी चाहिए। गृहस्थोंका यह परम कर्तव्य है। हम यह शिकायत तो करते हैं कि मुसलिम बादशाहोंने हमारे ग्रन्थोंको ईंधन बनाकर उनसे पानी गरम किया किन्तु जब हम उनकी रक्षा करनेमें तत्पर नहीं होते और उन्हें भण्डारोंमें सड़ने देते हैं या उनके प्रकाशित होने पर उन्हें बुलाकर अपने यहाँ स्थापित नहीं करते तब हमें क्या कहा जाय? क्या हमारी यह प्रवृत्ति उनकी रक्षा करनेको कही जा सकती है? स्पष्ट है कि यदि हमारी यही प्रवृत्ति चालू रही तो हम भी अपनेको उस दोषसे नहीं बचा सकते जिसका आरोप हम मुसलिम बादशाहों पर करते हैं। शास्त्रकारोंने देव और शास्त्रमें कुछ भी अन्तर नहीं माना है। अतएव हम गृहस्थोंका कर्तव्य है कि जिस तरह हम देवकी प्रतिष्ठामें धन व्यय करते हैं उसी प्रकार साहित्यकी रक्षामें भी हमें अपने धनका व्यय करनेमें कोई न्यूनता नहीं करनी चाहिए। आशा है समाज अपने इस कर्तव्यकी ओर सावधान होकर पूरा ध्यान देगी।

हमने इस भागके सम्पादन आदिमें पूरी सावधानी बरती है फिर भी गार्हस्थिक झंझटोंके कारण त्रुटि रह जाना स्वाभाविक है। आशा है स्वाध्यायप्रेमी जहाँ जो कमी दिखाई दे उसकी सूचना हमें देनेकी कृपा करेंगे ताकि भविष्यमें उन दोषोंको दूर करनेमें हमें प्रेरणा मिलती रहे।

—फूलचन्द्र सिद्धान्तशास्त्री

प्रकाशन-व्यय

१४६१) कागज २२×२६=२८ पौण्ड ७१ रीम ६ दस्ता	२५१०) सम्पादन
१७८७) छपाई ६३॥ फार्मे	३००) कार्यालय व्यवस्था
११००) जिल्द बँधाई	८२५) भेंट, आलोचना, १०० प्रति
४०) कवर कागज	१५०) पोस्टेज ग्रंथ भेंट भेजनेका
५०) कवर छपाई	३०००) कमीशन, विज्ञापन, बिक्री आदि

कुल लागत १११७३)

१००० प्रति छपी। लागत एक प्रति ११।)

मूल्य ११ रु०

प्रशस्ति

स्थितिबन्धके अन्तमें एक प्रशस्ति आती है वह इस प्रकार है—

यो दुर्जयस्मरमदोत्कटकुंभिकुंभ-
संचोदनोत्सुकतरोग्रमृगाधिराजः ।
शल्यत्रयादपगतस्त्रयगारवारिः
संजातवान्स भुवने गुणभद्रसूरिः ॥ १ ॥

दुर्वारमारमदसिन्धुरसिन्धुरारिः
शल्यत्रयाधिकरिपुस्त्रयगुप्तियुक्तः ।
सिद्धान्तवार्धिपरिवर्धनशीतरश्मिः
श्रीमाधनंदिमुनिपोऽजनि भूतलेऽस्मिन् ॥ २ ॥

वैरसम्यक्त्वद ,देशसंयमद सम्यग्बोधदत्यन्तभा-
सुरहारत्रिकसौख्यहेतुवेनिसिर्दादानदौदार्यदे- ।
लुतरदिंगीतने जन्मभूमियेनुतं सानंददिं कूर्तुभू-
भरमेल्लं पोगल्लुत्तमिर्पुदभिमानावीननं सेननं ॥ ३ ॥

सुजनते सत्यमोलपु गुणोन्नति पेंपु जैनमा–
र्गजगुणमेंब सद्गुणविन्यधिकं तनगोप्पनूत्नध-
र्मजनिवनेंदु कित्ते सुमदीधरे मेदिनिगोप्पितोब्बे चि-
त्राजसमरूपनं नेगल्द सेनननुद्धगुणप्रधाननं ॥ ४ ॥

अनुपमगुणगणदतिब-
र्मेन शीलनिदानमेसेव जिनपदसक्को- ।
कनदशिलीमुखि येने मैं-
तनदिंदं मल्लिकब्बे ललनारत्नं ॥ ५ ॥

जो दुर्जय स्मररूपी मदोन्मत हाथीके गण्डस्थलके विदारण करनेमें उत्सुक सिंहके समान हैं, जिन्होंने तीन शल्योंको दूर कर दिया है और जो तीन गारवोंके शत्रु हैं वे गुणभद्रसूरि इस लोकमें प्रसिद्धिको प्राप्त हुए ॥१॥

जो दुर्वार माररूपी मदविह्वल हाथीके समान हैं तथा जो तीन शल्योंके लिए शत्रुके समान हैं, जो तीन गुप्तियोंके धारक हैं और जो सिद्धान्तरूपी समुद्रकी वृद्धिके लिए चन्द्रमाके समान हैं वे श्रीमाधनन्दि आचार्य इस भूतलपर हुए ॥ २ ॥

सच्चरित्र, संयमी, सम्यग्ज्ञानवान्, सबको सुख देनेवाले, दानी, उदार और अभिमानी सेनकी बहुत ही आनन्दसे सभी लोग प्रशंसा करते थे ॥ ३ ॥

सौजन्य, सत्य सद्गुणोंकी उन्नति और जैनमार्गमें रहना इन सद्गुणों से युक्त, स्मरके समान सुन्दर गुण प्रधान सेन नवीन धर्मात्मज कहलाता था ॥ ४ ॥

अनुपम गुणगणयुक्त, सुशील, जिनपदभक्त, स्त्रीरत्न मल्लिकब्बा उसकी पत्नी थीं ॥ ५ ॥

आ वनितारत्नद पें-

पावंगं पोगलल्लरिदु जिनपूजेयना- ।

ना विधद दानदमलिन-

भावदोला मल्लिकब्बेयं पोल्ववरार् ॥ ६ ॥

श्रीपंचमियं नोतु-

द्यापनमं माडि वरसिं सिद्धान्तमनु ।

रूपवती सेनवधू जित-

कोपं श्रीमाधनंदि-यतिपतिगित्तल् ॥ ७ ॥

उस वनितारत्नकी जिनपूजाके बारेमें प्रशंसा कौन कर सकता है, उस मल्लिकब्बाके समान भक्त कोई थी ही नहीं ॥ ६ ॥

जिन सिद्धान्तको माननेवाली रूपवती उस सेनपत्नीने श्रीपञ्चमीका उद्यापनकर जितक्रोध माधनन्दि यतीश्वरको लिखवाकर यह (सिद्धान्त ग्रन्थकी प्रति) दी है ॥ ७ ॥

इस प्रशस्तिमें चार व्यक्तियोंका नामोल्लेख सहित गुणकीर्तन किया गया है—गुणभद्रसूरि, आचार्य माधनन्दि, सेन और उसकी पत्नी मल्लिकब्बा ।

मल्लिकब्बा सेनकी पत्नी थी । पं० सुमेरुचन्द्रजी दिवाकरने भी प्रथम भागकी भूमिकामें यह प्रशस्ति उद्धृत की है । उन्होंने सत्कर्मपञ्जिकाके आधारसे 'सेन' का पूरा नाम शान्तिषेण निर्दिष्ट किया है । यह तो स्पष्ट है कि मल्लिकब्बा सेनकी पत्नी थीं । परन्तु गुणधर मुनि और माधनन्दि आचार्यका परस्पर और इनके साथ क्या सम्बन्ध था यह इससे कुछ भी ज्ञात नहीं होता है । मात्र प्रशस्तिके अन्तिम श्लोकसे यह ज्ञात होता है कि मल्लिकब्बाने श्रीपञ्चमीव्रतके उद्यापनके फलस्वरूप सिद्धान्तग्रन्थकी प्रतिलिपि कराकर वह श्री माधनन्दि आचार्यको भेंट की ।

ऐतिहासिक दृष्टिसे इस प्रशस्तिका बहुत महत्त्व है अतएव इसकी छानबीनकी विशेष आवश्यकता है ।

विषय-सूची

विषय	पृष्ठ
१५ बन्धसन्निकर्ष	१-२०२
बन्धसन्निकर्षके भेद	१
उत्कृष्ट सन्निकर्ष	१-११५
स्वस्थान	१-५७
परस्थान	५७-११५
जघन्य सन्निकर्ष	११५-२०२
अर्थपद	११५-११८
स्वस्थान	११८-१६४
परस्थान	१६४-२०२
१६ नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	२०२-२०४
भंगविचयके दो भेद	२०२
उत्कृष्ट भंगविचय	२०२-२०३
जघन्य भंगविचय	२०३-२०४
१७ भागाभागप्ररूपणा	२०४-२०६
भागाभागके दो भेद	२०४
उत्कृष्ट भागाभाग	२०४-२०५
जघन्य भागाभाग	२०५-२०६
१८ परिमाणप्ररूपणा	२०६-२१३
परिमाणके दो भेद	२०६
उत्कृष्ट परिमाण	२०६-२०९
जघन्य परिमाण	२०९-२१३
१९ क्षेत्रप्ररूपणा	२१३-२१७
क्षेत्रके दो भेद	२१३
उत्कृष्ट क्षेत्र	२१३-२१५
जघन्य क्षेत्र	२१५-२१७
२० स्पर्शनप्ररूपणा	२१७-२३३
स्पर्शनके दो भेद	२१७
उत्कृष्ट स्पर्शन	२१७-२३३
जघन्य स्पर्शन	२३३-२४३
२१ कालप्ररूपणा	२४३-२५६
कालके दो भेद	२४३
उत्कृष्ट काल	२४३-२४९
जघन्य काल	२४९-२५६
२२ अन्तरप्ररूपणा	२५६-२६०

विषय	पृष्ठ
अन्तरके दो भेद	२५६
उत्कृष्ट अन्तर	२५६-२५८
जघन्य अन्तर	२५९-२६०
२३ भावप्ररूपणा	२६१
भावके दो भेद	२६१
उत्कृष्ट भाव	२६१
जघन्य भाव	२६१
२४ अल्पबहुत्व	२६१
अल्पबहुत्वके दो भेद	२६१
जीव अल्पबहुत्व	२६१
जीव अल्पबहुत्वके तीन भेद	२६१
उत्कृष्ट जीव अल्पबहुत्व	२६१-२६२
जघन्य जीव अल्पबहुत्व	२६२-२६३
जघन्योत्कृष्ट जीव अल्पबहुत्व	२६३-२७०
स्थिति अल्पबहुत्व	२७०
स्थिति अल्पबहुत्वके तीन भेद	२७०-२७२
उत्कृष्ट स्थिति अल्पबहुत्व	२७०
जघन्य स्थिति अल्पबहुत्व	२७०
जघन्योत्कृष्ट स्थिति अल्पबहुत्व	२७०-२७२
भूयःस्थिति अल्पबहुत्व	२७२
भूयःस्थिति अल्पबहुत्वके दो भेद	२७२
स्वस्थान अल्पबहुत्व	२७२-२९२
उत्कृष्ट	२७२-२८२
जघन्य	२८३-२९२
परस्थान अल्पबहुत्व	२९३-३२३
परस्थान अल्पबहुत्वके दो भेद	२९३
उत्कृष्ट परस्थान अल्पबहुत्व	२९३-३०२
जघन्य परस्थान अल्पबहुत्व	३०२-३२३
भुजगारबन्ध	३२४
भुजगारबन्धके १३ अनुयोगद्वार	३२४-३९३
समुत्कीर्तनानुगम	३२४-३२८
स्वामित्वानुगम	३२८-३३३
कालानुगम	३३३-३३९
अन्तरानुगम	३३९-३६१

विषय	पृष्ठ
नाना जीवोंकी अपेक्षा	
भंगविचयानुगम	३६१-३६३
भागाभागानुगम	३६०-३६४
परिमाणानुगम	३६४-३६५
क्षेत्रानुगम	३६५-३६७
स्पर्शनानुगम	३६७
कालानुगम	३८०
अन्तरानुगम	३८०-३८५
भावानुगम	३८५
अल्पबहुत्वानुगम	३८५-३९३
पदनिक्षेप	३९४
पदनिक्षेपके तीन अनुयोगद्वार	३९४
समुत्कीर्तना	३९४
स्वामित्व	३९५-४०३
स्वामित्वके दो भेद	३९५
उत्कृष्ट स्वामित्व	३९५-३९८
जघन्य स्वामित्व	३९८-४०२
जघन्योत्कृष्ट स्वामित्व	४०२-४०३
अल्पबहुत्व	४०३-४०४
अल्पबहुत्वके दो भेद	४०३
उत्कृष्ट अल्पबहुत्व	४०३-४०४
जघन्य अल्पबहुत्व	४०४
वृद्धिबन्ध	४०४
वृद्धिबन्धके १३ अनुयोगद्वार	४०४
समुत्कीर्तना	४०५-४०९

विषय	पृष्ठ
स्वामित्व	४०९-४१६
काल	४१७-४१८
अन्तर	४१८-४४४
नाना जीवोंकी अपेक्षा भंगविचय	४४५-४४६
भागाभाग	४४६-४४८
परिमाण	४४८-४५२
क्षेत्र	४५३-४५५
स्पर्शन	४५५-४७३
काल	.....
अन्तर	.....
भाव	.....
अल्पबहुत्व	४७३-४८५
अध्यवसान समुदाहार	४८५
अध्यवसान समुदाहारके तीन भेद	४८५
प्रकृति समुदाहार	४८६
प्रकृति समुदाहारके दो भेद	४८६
प्रमाणानुगम	४८६
अल्पबहुत्व	४८६-४९४
जीवोंके दो भेद	४८६
अल्पबहुत्वके दो भेद	४८६
स्वस्थान अल्पबहुत्व	४८६-४९२
परस्थान अल्पबहुत्व	४९२-४९४
.....	
.....	
जीवसमुदाहार	४९४-४९५

सिरिभगवंतभूदबलिभडारयपणीदो

महाबंधो

विदियो ट्ठिदिबंधाहियारो

बंधसण्णियासपरूवणा

१. सण्णियासं दुविधं—जहण्णयं उक्कस्सयं च। उक्कस्सं दुविधं—सत्थाणं परत्थाणं च। सत्थाणे पगदं। दुवि०—ओघे० आदे०। ओघे० आभिणिबोधिगणाणावरणीयस्स उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो चदुण्णं णाणावरणीयाणं णियमा बंधगो। तं तु० [1]उक्कस्सा वा अणुक्कस्सा वा। उक्कस्सादो अणुक्कस्सा समयूणमादिं कादूण याव पलिदोवमस्स असंखेज्जदिभागहीणं बंधदि। एवं चदुण्णं णाणावरणीयाणं णवण्णं दंसणावरणीयाणमण्णमण्णं। तं तु०।

बन्धसन्निकर्षप्ररूपणा

१. सन्निकर्ष दो प्रकारका है-जघन्य और उत्कृष्ट। उत्कृष्ट सन्निकर्ष दो प्रकारका है—स्वस्थान और परस्थान। स्वस्थान सन्निकर्षका प्रकरण है। वह दो प्रकारका है—ओघ और आदेश। ओघसे आभिनिबोधिक ज्ञानावरणीय कर्मकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार ज्ञानावरणीय कर्मोंका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है। यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट स्थितिबन्ध एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग हीन तक करता है। इसी प्रकार चार ज्ञानावरणीय और नौ दर्शनावरणीय कर्मोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए। किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है। यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है।

---

१. मूलप्रतौ उक्कस्स वा अणुक्कस्स वा इति पाठः।

२. सादस्स उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो असादस्स अबंधगो । असाद० उक्क०ट्ठिदि-बंधंतो सादस्स अबंधगो ।

३. मिच्छत्त० उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो सोलसक०-णवुंस०-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णियमा बंधगो । तं तु० । एवमण्णमण्णस्स । तं तु० । इत्थिवे०-उक्कस्सट्ठिदिबंधंतो मिच्छत्त-सोलसकसाय-अरदि-सोग-भय-दुगुं० णियमा बंधगो । णियमा अणु० चदुभागूणं बंधदि । पुरिस० उक्क०ट्ठिदिबंधंतो मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं० णि० बं० । णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि । हस्स-रदि० सिया बंधदि सिया अबंधदि । यदि बंधदि तं तु० समयूणमादिं कादूण याव पलिदो० असं० । अरदि-सोग० सिया बंध० सिया अबंध० । यदि बंध० णियमा अणु० दुभागूणं बंधदि । [1]हस्स० उक्कस्स० बंध० मिच्छत्त-सोलसक०-भय-दुगुं० णिय० बं० । णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि । इत्थिवे० सिया बं० सिया अबं० । यदि बंध० णिय० अणु० तिभागूणं

२. सातावेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव असातावेदनीयका अबन्धक होता है । असातावेदनीयकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सातावेदनीयका अबन्धक होता है ।

३. मिथ्यात्वकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव सोलह कषाय, नपुंसकवेद, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है । किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है । यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । इसी प्रकार सोलह कषाय आदि प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका आश्रय करके परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । किन्तु वह उत्कृष्ट भी करता है और अनुत्कृष्ट भी करता है । यदि अनुत्कृष्ट करता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । स्त्रीवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, अरति, शोक, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट चार भाग न्यून बाँधता है । पुरुषवेदकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून बाँधता है । हास्य और रतिका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् नहीं बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्ध करता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्ध करता है । यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करता है तो उसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । अरति और शोकका कदाचित् बन्ध करता है और कदाचित् नहीं बन्ध करता है । यदि बन्ध करता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है । हास्यकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव मिथ्यात्व, सोलह कषाय, भय और जुगुप्साका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है । स्त्रीवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । पुरुषवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक

१. मूलप्रतौ हस्स रदि उक्कस्स० इति पाठः ।

बंधदि। पुरिस० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० तं तु०। णवुंस० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि। रदि णिय०। तं तु०। एवं रदीए वि।

४. णिरयायु० उक्क०ट्ठिदिबंधंतो तिण्णि आयूणं अबंधगो। एवमण्ण-मण्णस्स अबंधगो।

५. णिरयग० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-हुंडसंठा०-वेउव्वि०-अंगो०-वण्ण०४-णिरयाणु०-अगुरु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-[1]अथिरादिछक्क-णिमि० णिय० बं०। तं तु०। एवं वेउव्वि०-वेउव्वि०अंगो०-णिरयाणु०।

६. तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदिबंधं० ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्तेय०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय०। तं तु०। एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-

होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह नियमसे उत्कृष्टसे, अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। नपुंसकवेदका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। रतिका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार रतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

४. नरकायुकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तीन आयुओंका अबन्धक होता है। इसी प्रकार परस्परमें अबन्धक होता है।

५. नरकगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टस्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार वैक्रियिक शरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग और नरकगत्यानुपूर्वीकी अपेक्षा सन्निकर्ष जानना चाहिए।

६. तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येकशरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, आतप, उद्योत,

१. मूलप्रतौ अथिरादिपंच णिमि० इति पाठः।

थावर-दुस्सर० सिया बंध० सिया अबंध० । यदि बंध० । तं तु० । एवं ओरालि०-तिरिक्खाणु०-उज्जो० ।

७. मणुसगदि० उक्कस्सट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क० ओरा०अंगो०-वण्ण०४-अगु०-उप०-तस-बादर-पत्तेय०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । णिय० अणु० चदुभागूणं बंधदि । दोसंठा०-दोसंघ०-अपज्ज० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० संखेज्जदिभागूणं बंधदि । हुंडसं०-असंपत्त०-पर०-उस्सा०-अप्पसत्थ०-पज्ज०-दुस्स० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० चदुभागूणं बंधदि । मणुसाणुपु० णिय० बं० । तं तु० । एवं मणुसाणु० ।

८. देवगदि उक्क०ट्ठिदिबंधं० पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि० णिय० बं० । णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि । समचदु०-देवाणु०-पसत्थ०-सुभग-सुस्सर-आदे० णि० बं० । तं तु० । थिर-सुभ-जस०

अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुस्वरका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार औदारिक शरीर, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी और उद्योत इन प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

७. मनुष्यगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येकशरीर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट चार भाग न्यून बाँधता है। दो संस्थान, दो संहनन और अपर्याप्त इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे संख्यातवाँ भाग न्यून बाँधता है। हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, परघात, उच्छ्वास, अप्रशस्त विहायोगति, पर्याप्त और दुस्वर इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट चार भाग न्यूनका बन्धक होता है। मनुष्यगत्यानुपूर्वीका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक बाँधता है। इसी प्रकार मनुष्यगत्यानुपूर्वीके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

८. देवगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। समचतुरस्र संस्थान, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका

सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । अथिर-असुभ-अजस० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० दुभागूणं बंधदि । एवं देवाणुपु० ।

९. एइंदियस्स उक्क०ट्ठिदिबंधं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं० वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-थावर-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । आदाउज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० । तं तु० । एवं आदाव-थावर० ।

१०. बीइंदि० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-तस०-बादर-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं० । अणु० संखेज्जदिभागूणं बंधदि । पर०-उस्सा०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-पज्ज[1]०-अपज्ज०-दुस्सर सिया बं० । तं तु०[2] ।

असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। स्थिर, शुभ और यशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एकसमय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। अस्थिर, अशुभ और अयशःकीर्ति इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। इसी प्रकार देवगत्यानुपूर्वीके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

९. एकेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, स्थावर, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर, अस्थिर आदि पांच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। किन्तु वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। आतप और उद्योत इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो वह उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो वह नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक बाँधता है। इसी प्रकार आतप और स्थावर प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१०. द्वीन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, त्रस, बादर, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन स्थितिका बन्धक होता है। परघात, उच्छ्वास, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति, पर्याप्त, अपर्याप्त और दुःस्वर, इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। किन्तु यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका

१. मूलप्रतौ पज० दुस्सर अपज० साधार० सिया इति पाठः । २. मूलप्रतौ तं तु णा० दं० सिया

एवं तीइं०-चदुरिं० ।

११. पंचिंदि० उक्क० ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० । तं तु० । णिरय-तिरिक्खगदि-ओरालि०-वेउव्वि०-ओरालि०-वेउव्वि०अंगो०-असंपत्त०-दो-आणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । एवं तस० ।

१२. आहार० उक्क०ट्ठिदिबं० देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-थिरादिछ०-णि० बं० । णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं बंधदि । आहार०अंगो० णिय० । तं तु० । तित्थय० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णि० अणु० संखेज्जगुणहीणं बंधदि । एवं आहारअंगोवं० ।

बन्धक होता है तो वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवां भाग न्यूनतक बाँधता है । इसी प्रकार त्रीन्द्रिय जाति और चतुरिन्द्रिय जातिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

११. पञ्चेन्द्रिय जातिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर,हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति,त्रसचतुष्क,अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । नरकगति, तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, दो आनुपूर्वी और उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । इसी प्रकार त्रस काय प्रकृतिके सन्बन्धसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१२. आहारक शरीरकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, समचतुरस्र संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, स्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुणहीन स्थितिका बन्धक होता है । आहारक आङ्गोपाङ्गका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और उनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है । तीर्थङ्कर प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातगुण हीन बाँधता है । इसी प्रकार आहारक आङ्गोपाङ्गके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

बं० सिया अबं० यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । अपज्ज० सिया बं० सिया अबं० यदि बं० तं तु । एवं तीइंदि० इति पाठः ।

१३. तेजा[1]० उक्क०ट्ठिदिबं० कम्मइ०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय०। तं तु०। णिरयगदि-तिरिक्खग०-एइंदि०-पंचिंदि०-दोसरीर-दोअंगो०-असंपत्त०-दोआणु०-आदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-दुस्सर० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं०। तं तु०। तेजइगभंगो कम्मइ०-हुंडसं०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-अथिरादिपंच०-णिमि०[2] त्ति।

१४. समचदु० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णि० णिय०। अणु० दुभागूणं०। तिरिक्खग०-दोसरी०-दोअंगो०-असंप०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णियमा अणु० बं० दुभागूणं०। मणुसगदिदुगं सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णि० अणु० तिभागूणं बं०। देवगदि वज्ज० देवाणु०-पसत्थ०-थिरादिछक्क०

१३. तैजसशरीर की उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव कार्मणशरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है, जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है; यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियम से उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। नरकगति, तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रियजाति, पञ्चेन्द्रियजाति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, असंप्राप्तासृपाटिका संहनन, दो आनुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, और दुःस्वर प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है, यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। इसी प्रकार तैजसशरीरके समान कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१४. समचतुरस्र प्रकृति की उत्कृष्ट स्थितिका बन्धकरनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति तैजसशरीर, कार्मणशरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। तिर्यञ्चगति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति और अस्थिर आदि छह प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। मनुष्यगति द्विकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्ध करता है। देवगतिको छोड़कर देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति और स्थिर आदि छहका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है। चार संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक

१. मूलप्रतौ तेजाक० उक्क० इति पाठः। २. मूलप्रतौ णिमि० णत्थि इति पाठः।

सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । चदुसंघ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णि० अणु० संखेज्जदिभागूणं बं० । एवं पसत्थवि०-सुभग-सुस्सर-आदेज्ज०।

१५. णग्गोद० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०-अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं० । णि० अणु० संखेज्जदिभागूणं० । तिरिक्ख-मणुसग०-चदुसंघ०-दोआणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागूणं बं० । वज्ज-णारा० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । एवं वज्जणारायण० । णवरि दो गदि-चदुसंठा०-दोआणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० । सादि० एवं चेव । णवरि णारायणं सिया० । तं तु० । एवं णारायणं ।

१६. खुज्जसंठाणं उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि०अंगो०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-

होता है। इसी प्रकार प्रशस्त विहायोगति, सुभग, सुस्वर और आदेय प्रकृतियोंके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१५. न्यग्रोध परिमण्डल संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगति, मनुष्यगति, चार संहनन, दो आनुपूर्वी, और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। वज्रनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्ट स्थितिका भी बन्धक होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार वज्रनाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि दो गति, चार संस्थान, दो आनुपूर्वी और उद्योतका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार स्वाति संस्थानके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए। इतनी विशेषता है कि वह नाराचसंहननका कचाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट बन्धक भी होता है और अनुत्कृष्ट बन्धक भी होता है। यदि अनुत्कृष्ट स्थितिका बन्धक होता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार नाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

१६. कुब्जक संस्थानकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग

णिमि० णिय० संखे०भागू० । दोसंघ०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं० । [यदि बं० णिय०] संखेज्ज०भागू० । अद्धणारा० सिया० । तं तु० । एवं अद्धणारा० । एवं वामण० । णवरि असंपत्त० सिया० संखेज्ज०भागू० । खीलिय० सिया बं० । तं तु० । एवं० खीलिय० ।

१७. ओरालि०अंगो० उ०ट्ठि०बं० तिरिक्खग०-पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-असंप०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं । तं तु० । उज्जो० सिया० । तं तु० । एवं असंप० ।

१८. वज्जरि० उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-ओरालि० अंगो०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-णिमि० णिय० बं० । णि० अणु० दुभागू० । तिरिक्खगदि-हुंड०-तिरिक्खाणु०-उज्जो०-अप्पसत्थ०-अथिरादिछ० सिया बं० सिया

न्यून स्थितिका बन्धक होता है । दो संहनन और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । अर्धनाराचसंहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट बन्धक भी होता है और अनुत्कृष्ट बन्धक भी होता है । यदि अनुत्कृष्ट बन्धक होता है तो नियमसे एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार अर्धनाराचसंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए । तथा इसी प्रकार वामन संस्थानके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए । इतनी विशेषता है कि यह असम्प्राप्तासृपाटिका संहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । कीलक सहननका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार कीलक संहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१७. औदारिक आङ्गोपाङ्गकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, हुण्डसंस्थान, असम्प्राप्तासृपाटिकासंहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्तविहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । उद्योत प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार असम्प्राप्तासृपाटिकासंहननके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए ।

१८. वज्रर्षभनाराचकी उत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिकशरीर, तैजसशरीर, कार्मण शरीर, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । तिर्यञ्चगति, हुण्डसंस्थान, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, उद्योत, अप्रशस्तविहायोगति और अस्थिर आदि छह प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और

अबं० । यदि बं० णिय० अणु० दुभागू० । मणुसग०-मणुसाणु० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० तिभागू० । समचदु०-पसत्थ०-थिरादिछ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० । तं तु० । चदुसंठा० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णियमा अणु० संखेज्जदिभागू० ।

१६. उज्जो० उक्क० ट्ठि० बं० तिरिक्खग०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०--अथिरादिपंच०--णिमि० णि० बं० । तं तु० । एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-असंप०-अप्पसत्थ०-तस०-थावर--दुस्सर० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० ।

२०. अप्पसत्थ० उक्क० ट्ठिदि० बं० पंचिंदि०-तेजा०-क०-हुंड०-वण्ण०४-अगु०४-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णिय० बं० । तं तु० । णिरयगदि-तिरिक्ख-

कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है । समचतुरस्रसंस्थान, प्रशस्तविहायोगति और स्थिर आदि छह प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बांधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । चार संस्थानोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियम से अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है ।

१९. उद्योत प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजसशरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एकसमय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । एकेन्द्रियजाति, पञ्चेन्द्रियजाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और दुःस्वर प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है ।

२०. अप्रशस्त विहातोगतिकी उत्कृष्टस्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, तैजस शरीर, कार्मणशरीर, हुण्डसंस्थान, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । नरकगति, तिर्यञ्चगति, दो शरीर, दो आङ्गोपाङ्ग, अप्रशस्त विहायोगति, दो आनुपूर्वी और उद्योत प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता

गदि-दोसरी०-दोअंगो०-अप्पसत्थ०-दोआणु०-उज्जो० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं०। तं तु०। एवं दुस्स०।

२१. सुहुम० उक्क०ट्ठिदि०बं० तिरिक्खग०-एइंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-थावर०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय० बं०। अणु० संखेज्जदिभागू०। पर०-उस्सास-पज्जत्त-पत्ते० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णि० अणु० संखेज्जदिभागू०। एवं साधारण०।

२२. अपज्ज० उक्क०ट्ठिदिबं० तिरिक्खगदि-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं० वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०-उप०-अथिरादिपंच०-णिमि० णिय०। अणु० संखेज्जदिभागूणं बंधदि। एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०अंगो०-तस-थावर-बादर-पत्ते० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागूणं बंधदि। बीइंदि०-तीइंदि०-चदुरिं०-सुहुम-साधार० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं०। णि० तं तु०।

२३. थिरणामं० उक्क०ट्ठिदिबं० तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०-उप०-परघाद-

और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार दुस्वर प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२१. सूक्ष्म प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, स्थावर, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। परघात, उच्छ्वास, पर्याप्त और प्रत्येक प्रकृतिका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। इसी प्रकार साधारण प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२२. अपर्याप्त प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तिर्यञ्चगति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु, उपघात, अस्थिर आदि पाँच और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन बाँधता है। एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, त्रस, स्थावर, बादर और प्रत्येक इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग हीन बाँधता है। द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, सूक्ष्म और साधारण प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है।

२३. स्थिर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघु, उपघात, परघात, उच्छ्वास, पर्याप्त और निर्माण इन प्रकृ-

उस्सास-पज्ज०-णिमि० णिय० बं० अणु० दुभागूणं बंधदि। तिरिक्खगदि-एइंदि० पंचिंदि०-ओरालि०-वेउव्वि०-हुंडसं०-दोअंगो०-असंप०-तिरिक्खाणु०-आदा-उज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-बादर-पत्ते०-असुभादिपंच० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णि० अणु० दुभागूणं०। मणुसगदि-मणुसाणु० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० तिभागू०। देवगदि-समचदु०-वज्जरि० देवाणुपु०-पसत्थ०-सुभादिपंच० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० तं तु०। बेइंदि० तेइं०-चदुरिं०-चदुसंठा०-चदुसंघ०-सुहुम-साधार० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू०। एवं सुभ०।

२४. जसगि० उक्क०ट्ठि०बं० तेजा०-क०-वण्ण०४-अगु०४-बादर-पज्जत्त-पत्ते०-णिमि० णि० बं०। णि० अणु० दुभागू०। तिरिक्खगदि-एइंदि०-पंचिंदि०-ओरालि०-वेउव्वि०-हुंडसं०-दोअंगो०-असंपत्त०-तिरिक्खाणु०-अदाउज्जो०-अप्पसत्थ०-तस-थावर-अथिरादिपंच० सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु० दुभागू०। मणुसगदिदुगं सिया बं० सिया अबं०। यदि बं० णिय० अणु०

तिर्योंका नियमसे बन्धक होता है। जो अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून बाँधता है। तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, हुण्डसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर, बादर, प्रत्येक और अशुभादिक पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। मनुष्यगति और मनुष्यगत्यानुपूर्वीका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। देवगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति और शुभादि पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे वह उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है। द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, चार संस्थान, चार संहनन, सूक्ष्म और साधारण इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यूनका बन्धक होता है। इसी प्रकार शुभ प्रकृतिके आश्रयसे सन्निकर्ष जानना चाहिए।

२४. यशःकीर्ति प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव तैजस शरीर, कार्मण शरीर, वर्णचतुष्क, अगुरुलघुचतुष्क, बादर, पर्याप्त, प्रत्येक शरीर और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है। तिर्यञ्चगति, एकेन्द्रिय जाति, पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, वैक्रियिक शरीर, हुण्डसंस्थान, दो आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, तिर्यञ्चगत्यानुपूर्वी, आतप, उद्योत, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस, स्थावर और अस्थिर आदि पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है। यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट दो भाग न्यूनका बन्धक होता है। मनुष्यगतिद्विकका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित्

तिभागू० । देवगदि-समचदु०-वज्जरिसभ०-देवाणु०-पसत्थ०-थिरादिपंच सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० तं तु० । बीइं०-तीइं०-चदुरिं०-चदुसंठा०-चदुसंघ० सिया बं० सिया अबं० । यदि बं० णिय० अणु० संखेज्जदिभागू० ।

२५. तित्थय० उक्क०ट्ठिदिबंधं०देवगदि-पंचिंदि०-वेउव्वि०-तेजा०-क०-समचदु०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-देवाणु०-अगु०-४-पसत्थ०-तस०४-अथिर-असुभ-सुभग-आदे०-अजस०-णिमि० णिय० । अणु० संखेज्जदिगुणहीणं बं० ।

२६. उच्चा० उक्क०ट्ठिदिबंधं० णीचा० अबंधगो । णीचागो० उक्क०ट्ठिदिबं० उच्चा० अबंधगो ।

२७. दाणंतरा० उक्क०ट्ठिदिबं० चदुण्णं अंतरा० णिय० । तं तु उक्कस्सा वा अणुक्कस्सा वा । उक्कस्सादो अणुक्कस्सा समयूणमादिं कादूण पलिदोवमस्स असंखेज्ज० भागूणं बंधदि । एवं अण्णोण्णस्स । तं तु० ।

२८. आदेसेण णेरइएसु पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-मोहणीय०-छब्बीस-

अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट तीन भाग न्यूनका बन्धक होता है । देवगति, समचतुरस्रसंस्थान, वज्रर्षभनाराचसंहनन, देवगत्यानुपूर्वी, प्रशस्त विहायोगति और स्थिर आदि पाँच इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो उत्कृष्टका भी बन्धक होता है और अनुत्कृष्टका भी बन्धक होता है । यदि अनुत्कृष्टका बन्धक होता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक स्थितिका बन्धक होता है । द्वीन्द्रिय जाति, त्रीन्द्रिय जाति, चतुरिन्द्रिय जाति, चार संस्थान और चार संघनन इन प्रकृतियोंका कदाचित् बन्धक होता है और कदाचित् अबन्धक होता है । यदि बन्धक होता है तो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यातवाँ भाग न्यून स्थितिका बन्धक होता है ।

२५. तीर्थंकर प्रकृतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव देवगति, पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, समचतुरस्रसंस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्णचतुष्क, देवगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, प्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर, अशुभ, सुभग, आदेय, अयशःकीर्ति और निर्माण इन प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । जो नियमसे अनुत्कृष्ट संख्यात गुणहीन स्थितिका बन्धक होता है ।

२६. उच्चगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव नीचगोत्रका अबन्धक होता है । नीचगोत्रकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव उच्चगोत्रका अबन्धक होता है ।

२७. दानान्तरायकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव चार अन्तराय प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है । वह उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है । यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो नियमसे उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक स्थितिका बन्धक होता है । इसी प्रकार पाँचों अन्तरायोंका परस्पर सन्निकर्ष जानना चाहिए । वह उत्कृष्ट भी होता है और अनुत्कृष्ट भी होता है यदि अनुत्कृष्ट होता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक होता है ।

२८. आदेशसे नारकियोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, छब्बीस मोहनीय, दो आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय इन प्रकृतियोंका भङ्ग

दोआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं । तिरिक्खग० उक्क०ट्ठिदि-बं० पंचिंदि०-ओरालि०-तेजा०-क०-हुंडसं०-ओरालि०अंगो०-असंपत्त०-वण्ण०४-तिरिक्खाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णि० बं० । तं तु० । उज्जो० सिया बं० । तं तु० । एवमेदाओ सव्वाओ एक्केक्केण सह । तं तु० । सेसं ओघेण साधेदव्वं । एवं छसु पुढवीसु । सत्तमाए सो चेव भंगो । णवरि मणुसगदि-मणुसाणु०-उच्चा० तित्थयरभंगो । सेसाओ तिरिक्खगदिसंजुत्तं कादव्वं ।

२६. तिरिक्खेसु पंचणा०-णवदंसणा०-सादासा०-मोहणीय०छव्वीस०-चदुआयु०-दोगोद०-पंचंत० ओघं । णिरयगदि उक्क०ट्ठिदिबं० पंचिंदि०[1]-वेउव्विय-तेजा०-क०-हुंडसं०-वेउव्वि०अंगो०-वण्ण०४-णिरयाणु०-अगु०४-अप्पसत्थ०-तस०४-अथिरादिछ०-णिमि० णि० बं० । तं तु० । एवमेदाओ एक्क-

ओघके समान है। तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, औदारिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, औदारिक आङ्गोपाङ्ग, असम्प्राप्तासृपाटिका संहनन, वर्णचतुष्क, तिर्यञ्चानुपूर्वी, अगुरुलघुचतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रसचतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्ध करनेवाला होता है जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। उद्योतको कदाचित् बाँधता है और कदाचित् नहीं बाँधता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। यदि अनुत्कृष्ट बाँधता है तो उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार इन सब प्रकृतियोंका परस्पर एक-एक प्रकृतिके साथ सन्निकर्ष होता है। ऐसी अवस्थामें इन प्रकृतियोंको उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। शेष सन्निकर्ष ओघके समान साध लेना चाहिए। इसी प्रकार छह पृथिवियोंमें जानना चाहिए। सातवीं पृथिवीमें यही भङ्ग है। इतनी विशेषता है कि मनुष्यगति मनुष्यगत्यानुपूर्वी और उच्चगोत्रका भङ्ग तीर्थंकर प्रकृतिके समान है। यहाँ शेष प्रकृतियोंके उत्कृष्ट स्थितिबन्धका सन्निकर्ष कहते समय तिर्यञ्चगतिके साथ कहना चाहिए।

२९. तिर्यञ्चोंमें पाँच ज्ञानावरण, नौ दर्शनावरण, सातावेदनीय, असातावेदनीय, छब्बीस मोहनीय, चार आयु, दो गोत्र और पाँच अन्तराय प्रकृतियोंका भङ्ग ओघके समान है। नरकगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्धक जीव पञ्चेन्द्रिय जाति, वैक्रियिक शरीर, तैजस शरीर, कार्मण शरीर, हुण्ड संस्थान, वैक्रियिक आङ्गोपाङ्ग, वर्ण चतुष्क, नरकगत्यानुपूर्वी, अगुरुलघु चतुष्क, अप्रशस्त विहायोगति, त्रस चतुष्क, अस्थिर आदि छह और निर्माण प्रकृतियोंका नियमसे बन्धक होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यून तक बाँधता है। इसी प्रकार परस्पर इन प्रकृतियोंका सन्निकर्ष होता है। जो उत्कृष्ट भी बाँधता है और अनुत्कृष्ट भी बाँधता है। किन्तु उत्कृष्टसे अनुत्कृष्ट एक समय न्यूनसे लेकर पल्यका असंख्यातवाँ भाग न्यूनतक बाँधता है। तिर्यञ्चगतिकी उत्कृष्ट स्थितिका बन्ध करनेवाला जीव

१. मूलप्रतौ पंचिंदिपंचिंदि वेउ—इति पाठः ।

